नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की 34 वीं बैठक सम्पन्न

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में दिनांक 22.06.2018 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,संबलपुर की 34वीं छमाही बैठक श्री एल.एन. मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष महोदय ने सदस्य कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में हो रही प्रगति पर प्रसन्न्ता जाहिर करते हुए राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में सक्रिय सहयोग करने की सलाह दी। उन्होंने सदस्य कार्यालयों के बीच मेलजोल बढ़ाने हेतु कई उपाए सुझाए ताकि एक-दूसरे कार्यालयों में हो रही राजभाषा गतिविधियों से अन्य कार्यालय परस्पर अवगत हो सकें। भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन करना प्रत्येक सदस्य कार्यालय का दायित्व है तथा इससे कोई भी कार्यालय अछूता नहीं है।

बैठक के प्रारंभ में श्री बी.सी. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशि. संस्थान/ राजभाषा/ मासंवि), एमसीएल एवं सदस्य सचिव, नराकास, संबलपुर ने स्वागत भाषण में कहा कि केंद्रीय सरकार के कार्यालयों/ उपक्रमों/ निगमों/बैंकों आदि द्वारा राजभाषा नीति का पूर्ण अनुपालन करना अनिवार्य है। अध्यक्ष महोदय के समक्ष दिसंबर, 2017 एवं मार्च, 2018 की तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा की गई एवं राजभाषा कार्यान्वयन में तेजी लाने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

अध्यक्ष महोदय के कर-कमलों से नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित की गई हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। एमसीएल सहित अन्य कार्यालयों द्वारा निष्पादित की गई राजभाषा गतिविधियों की झलक पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रदर्शित की गयी। बैठक के दौरान नराकास की गृह पत्रिका संबलप्रभा के छठवें अंक का विमोचन अध्यक्ष महोदय के कर कमलों से किया गया।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर ने नगर राजभाषा कार्यान्यन समिति, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों में चलाए जानेवाले हिंदी भाषा प्रशिक्षण की कक्षाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर तथा नगर राजभाषा कार्यान्यन समिति, संबलपुर के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं प्रतिनिधिगण बैठक में उपस्थित हुए।

श्री बी.आर. साहु कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),एमसीएल मुख्यालय द्वारा गत बैठक के निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं श्रीमती तूलिका बिश्वास, प्रबंधन प्रशिक्षु (राजभाषा), एमसीएल मुख्यालय द्वारा बैठक का संचालन किया गया।

अंत में अध्यक्ष की अनुमति से श्रीमती बिश्वास द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक के समाप्ति की घोषणा की गई।

बी.सी.त्रिपाठी

MCL
हरिश्चंद शर्मा